समाचार

# राजस्व मंत्री डगनियाखार में करेंगे नवनिर्मित गार्डन का लोकार्पण

कोरबा 27 जून 2021 – प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 28 जून सोमवार को सायं 04 बजे वार्ड क्र. 56 डगनियाखार अंतर्गत उपस्वास्थ्य केन्द्र भैरोताल के समानें राजस्व आपदा प्रबंधन मद से निर्मित गार्डन का लोकार्पण करेंगे। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी इस मौके पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षद एवं एल्डरमेनगण कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे।